## खबर संक्षेप

### स्कूलों के कम्प्यूटर खा रहे धूल

**गाडरवारा।** शिक्षा के क्षेत्र में सरकार द्वारा बच्चों को जिस प्रकार से सुविधाएं प्रदान की जा रही है यदि उनका उन्हें सही लाभ मिल जावे तो निश्चित ही उनकी किस्मत बदलने में देर नही लग सकती है, मगर इन योजनाओं के लाभ से बच्चे कम व विभाग से जुडे अधिकारियों को अधिक लाभ होते हुए देखा जा रहा है? कुछ इसी प्रकार से गौर किया जावे तो विगत कुछ वर्षो पूर्व मध्यप्रदेश शासन शिक्षा विभाग मंत्रालय द्वारा जारी दिशा निर्देश के मुताबिक अनेक गांवों के मिडिल स्कूलों मे कम्प्यूटर ज्ञान देने खातिर मयसेट कम्प्यूटर रखाये गये थें, जिनका कभी किसी छात्र को लाभ तो हुआ नही मगर इन कम्प्यूटरों की स्थिति देखी जावे तो कुछ चोरी चले गये, कुछ के आधें अधूरे सिस्टम शेष है तो कई कोठरी मे बंद पडे आज भी सड़ रहे है और कुछ अध्यापक व प्रध्यापक के घर की शोभा बढ़ा रहे है? यदि सच्चाई पर गौर किया जावे तो कई गांवों के शिक्षकों को कम्प्यूटर के बारे में ए बी सी डी का ज्ञान न होने के कारण छात्र छात्रायें भी कम्प्यूटर ज्ञान से वंचित ही रहे गये है? शिक्षकों को कम्प्यूटर संबंधी ज्ञान न होने के कारण गांवों के बच्चे उन्हें आज तक चालू व बंद करना भी नही सीख पाये है। इतना ही नही अज्ञानतावश बच्चे यह सुनकर व जानकर उत्साहित होते है कि उन्हे स्कूल मे टेलीविजन देखेने मिला है जो शायद कभी चालू होगा,आधुनिकता से परिपूर्ण दौर मे प्रत्येक क्षेत्र मे कम्प्यूटर जरूरत बन गया है। इसी बात का ध्यान रखत हुये बच्चों के भविष्य के लिये शिक्षा विभाग द्वारा कम्प्यूटर ज्ञान सोच के साथ लाखों रूपयें की राशि खर्च कर गांव गांव के स्कूलों मे कम्प्यूटर प्रशिक्षण की सुविधा मुहैया करायी गयी है? परंतु संबंधित विभाग से जुडे हुए ही अधिकारियों द्वारा राशि का बंदरबाट कर अपनी जेब व अपने घर की शोभा बढ़ाने के शिवा कुछ साबित नही हुआ है? कम्पूटर प्रशिक्षण के नाम पर धूल खा रहे कम्प्यूटर एक बार बिगड़ जाने के बाद महीनों उनकी मरम्मत नही कराई जाती है, इस प्रकार वह स्कूलों मे रखें रखें सड़ रहे है। कई स्कूलों में तो लाईट की व्यवस्था तक नही है, फिर भी उन स्कूलों में कम्पूटर उपलब्ध है, अब सवाल यह उठता है कि आखिर शासन द्वारा कम्पूटर शिक्षा के नाम पर पैसा क्यों खर्च किया गया है।

### सालीचौका क्षेत्र में चल रही कोयला की काला बाजारी

**सालीचौका।** इस समय समीपस्थ सालीचौका क्षेत्र में जिस तरह नियम के विपरित कोयले का कारोबार चलते हुये देखा जा रहा है वह संबंधित विभाग की भूमिका पर सबाल खड़े करने से नही चूक पा रहा है? क्योंकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि जब भी कोई व्यक्ति द्वारा कोयले की बिक्री की जाती है तो उसके लिये उसे पंजीयन कराते हुये विक्रय किये जाने वाले कोयले का बिल प्रदान किया जाता है तथा वह थोक के भाव में जहां से कोयला लेकर आते है उसका भी स्पष्टीकरण निर्धारित किया जाता है? मगर यहां पर चलाने वाला कोयला का धंधा निश्चित तौर से चर्चा का विषय बनने से इसलिये नही चूक रहा है। क्योंकि प्रतिदिन देखा जाता है कि रात होते ही जिस तरह कोयला विक्रय करने वाले तथा कतिथ माफियों के यहां कोयला खाली होते हुये देखा जाता है उसको लेकर आमजन का आरोप है कि वह समीपस्थ गोटीटोरिया खदान से या फिर अन्य किसी जगह से चोरी छिपे लेकर आते है और कोयला माफियाओं के यहां यह कोयला चोर ओने पोने दामों में विक्रय करके चले जाते है यह बात कहा तक सत्य है इसे तो भगवान ही जाने मगर जिस तरह रात होते ही यहां पर कोयला से भरी हुई ट्रेक्टर ट्राली से लेकर अन्य वाहन रात के अंधरे में खाली होते हुये देखे जाते है वह निश्चित ही अनेक सबालों को जन्म देने से नही चूक रहे है? इस तरह सालीचौका क्षेत्र में होने वाला यह कोयला का अवैध कारोबार संपूर्ण क्षेत्र में चर्चा का विषय बन चुका है। मगर इसके बाद भी संबंधित विभाग द्वारा कोयला का कारोबार करने वालों के संबंध में किसी भी प्रकार की कोई खोज खबर न लेना काले सोने का अवैध कारोबार करने वालों को संरक्षण देने की मुद्रा में नजर आने से नही चूक रहे है? क्योंकि कोई भी अवैध कारोबार तभी संभव हो सकता है।

## शहर से लेकर गांव-गांव घूम रही...

# पुलिस का सायरन बजाते प्रभावशाली लोगों की निजी गाड़िया








**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**

परिवहन विभाग द्वारा सड़कों पर संचालित वाहनों में प्रेशर हार्न के उपयोग के संबंध में तमाम नियम बनाये गये है। मगर बावजूद इसके देखा जा रहा है कि राष्ट्रीय व राजकीय मार्गो से लेकर शहर की गली कूचो तक में दौड़ने वाले अनेक छोटे बड़े वाहनों तथा बाईक तक में प्रेशर हार्न का बेखौफ उपयोग किया जा रहा है। बात यहां तक ही सीमित नही है अनेक लोगों द्वारा तो अपने वाहनों में पुलिस गाड़ी में उपयोग होने वाला सायरन लगवाकर उसका दुरूपयोग करने में कोई कसर नही छोड़ रहे है? इस बात की सच्चाई आये दिन शहर से लेकर गांव गांव दौड़ रही निजी कारों से लेकर अन्य वाहनों में इस पुलिस सायरन की आवाज सुनाई देना आम बात हो चुकी है। इस समय देखा जावे तो लोगों द्वारा अपने वाहन चालकों द्वारा प्रेशर हार्न का उपयोग इस तरह किया जा रहा है कि मानो इनका उपयोग उनका मूल अधिकार हो...? हालत इस हद तक खराब है कि जहां अनेक बडे बड़े नेताओं द्वारा अपने वाहनों में निमय से विपरित होकर धडल्ले से जहां अपनी गाड़ियों में साईरननुमा हूटर उपयोग किये जा रहे है वही अन्य लोगों द्वारा बाईको से लेकर चार पहिया वाहन, ट्रक, बसो में प्रेशर हार्न का उपयोग हो रहा है, जिसके चलते शहर की मुख्य संड़कों पर संचालित होने वाले हर 8-10 वाहनों की आवाजाही के बाद प्रेशर हार्न की आवाज सुनने को मिल सकती है। जबकि नियम के अनुसार बताया जाता है कि सायरन हूटर लगाने का अधिकार सिर्फ चुनिंदा लोगों को ही होता है। मगर पता नही क्षेत्र के नेताओं को तो इस प्रकार से अपने वाहनों में हूटर लगाने का शौक लगा है कि हर नेता की गाड़ी में नियम के विपरित हूटर लगा हुआ आसानी से दिखाई दे रहा है जो सिर्फ अपने शौके के चलते जहां यातायात नियमों की धज्जियाँ उठा रहे है और वाहनों व ग्रामीण के बीच अपना रौब झाडने के लिए क्षेत्र में अनेक लोगों द्वारा अपनी गाडियों में लगी हुई सायरन हूटर का इस प्रकार से प्रयोग किया जाता है जिसके चलते आम लोगों को परेशानियों का सामना करना पड़ता है और यही स्थिति अन्य वाहनों की है जिनमें खुलेआम प्रेशर हार्न लगे हुए है। मगर धन्य है क्षेत्र का पुलिस प्रशासन जो आये दिन वाहन चैकिंग के नाम पर छोटे मोटे लोगों के खिलाफ तो चालानी कार्यवाही करते हुए रौब झाडकर वाही वाली लूटने में कोई कसर नही छोड़ता है। मगर उनको कभी यह दिखाई नही देता है कि अनेक गाड़यिों में खुलेआम जिस प्रकार से सायरन हूटर तथा अन्य वाहनों में लगे हुए प्रेशर हार्न से लोगों को कितनी परेशानियों से गुजरना पड़ता होगा..? इस तरह मोटर साईकिलों से निकलने वाली फटाकानुमा आवाज के खिलाफ कुछ दिनों पहले जिला पुलिस अधीक्षक द्वारा सख्त मुहिम छेड़ी थी जिसके चलते सभी थानों फटाकानुमा आवाज निकालने वाले बुलट सहित अन्य गाड़ियों के साईलेंसरों पर बुलडोजर तक चलाये जा रहे थें। मगर यह मुहिम अचाकन ठंडी हो जाने के कारण फिर सड़को पर तेज आवाज वाले बाइकर्सो के हौसले बुलंद होते हुये दिखाइई देना शुरू हो चुके है। जबकि गौर किया जावे तो सायरन हूटर लगी हुई गाड़यिा आये दिन पुलिस थाने के सामने से गूजरती रहती है जिन्हें पुलिस प्रशासन खुलेआम नजर अंदाज करता रहता है? **दुर्घटना की आशंका-** इस प्रकार से नियम विरूद्व वाहनों में लगे हुए सायरन हूटर तथा प्रेशर हार्नो से सबसे ज्यादा परेशानी तब होती है जब आगे चल रहे वाहन चालक को पीछे से या सामने से सायरन हूटर प्रेशर हार्न सुनाई देता है, खासतौर से जब उसके बगल से प्रेशर हार्न बजाता वाहन सट कर निकलता है, इस स्थिति में तो अक्सर वाहन दुर्घटनाग्रस्त हो जाता है, कई बार ऐसी दुर्घटना से जान तक चली जाती है। **शौक बन गया प्रेशर हार्न बजाना-** इन दिनों गौर किया जावे तो सायरन हूटर का उपयोग जहां नियम विरूद्ध नेताओं द्वारा अपने वाहनों में किया जा रहा है वही प्रेशर हार्न का सर्वाधिक उपयोग युवा बाईक चालकों द्वारा किया जाता है, जो नगर में ऐसे हार्न की आवाज हमेशा सुनी जा सकती है। ऐसे बाईक चालक प्रेशर हार्न की कर्कश आवाज बजाते हुए चालक इस तरह निकलते है, मानों किसी दौड़ प्रतियोगिता में भाग ले रहे है। इस बात को इस तरह भी कहा जा सकता है कि बाईक या अन्य वाहनों में प्रेशर हार्न का उपयोग करना शौक भी बन गया है और इन शौकीनों को सड़क दुर्घटना का कोई खौफ नही है। इतना ही नही यदि इन हार्नो की सच्चाई पर गौर किया जावे तो इस तरह के हार्न के चलन के संबंध में चिकित्सकों का कहना है कि इनकी कर्कश ध्वनि से ह्दय गति बढ़नें का खतरा भी है, इनके उपयोग पर सख्ती से प्रतिबंध लगाया जाना जरूरी है। बताया कि कान में आवाज सुनने की एक क्षमता होती है, यदि उक्त क्षमता से तेज गति की आवाज कानों तक पहुंचे तो व्यक्ति बहरा भी हो सकता है, मगर पता नही शासन प्रशासन द्वारा इस ओर क्यों ध्यान नही दिया जा रहा है जिसके चलते आम लोगों की जिन्दगी पूर्ण रूप से खतरे में नजर आ रही है। **नये फैसन की बुलेट गाड़ी के आबाज से लोगों का सोना हो रहा दुभर-** पूर्व में सड़को पर दौड़ने वाली बुलट बाइक में अचानक कमी आने के बाद फिर युवाओं में बुलट चलाने का जो शौक पैदा हुआ है वह आम लोगों के लिये परेशानी का कारण बनने से नही चूक पा रहा है। युवाओं में बुलट बाइक के प्रति बढ़ रहे शौक के चलते नगर सहित ग्रामीण क्षेत्रों में भी बुलट गाड़यिो की संख्या में लगातार बढ़ोत्तरी होते हुये देखी जा रही है जिसके सायलेन्सर से निकलने वाली आवाज ही इतनी तेज होती है कि उसको सुन पाना मुश्किल हो जाता था, मगर अब नये फैसल की बुलेट में जिस प्रकार से युवाओं द्वारा अलग प्रकार की आवाज सेट कराई जा रही है वह चलते चलते अचानक बम की तरह निकालने से नही चूकती है इस आवाज के चलते जब देर रात नगर की गलियों में बुलट बाइक दौड़ते हुये इस प्रकार से आवाज निकालती है तो लोग अपने घरों में नींद तक नही ले पा रहे है क्योंकि बम के समान यह आबाज इतनी तेज होती है कि सो रहे किसी भी व्यक्ति की नीद गायब हो सकती है? इस प्रकार से नगर व शहरों में लगातार बुलेट बाईकों की बढ़ोत्तरी आम लोगों के लिये सिर दर्द बनने से नही चूक पा रही है? जिसके चलते आमजन द्वारा प्रशासन से युवाओं द्वारा अपनी बुलेट बाईकों में बमनुमा आवाज निकालने वाले यंत्र लगवाए जाने पर रोक लगाना चाहिये।

## नया शिक्षण सत्र शुरू होने पर शिक्षकों द्वारा बच्चों को टीका लगाकर दिया गया प्रवेश

**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।** हमारी संस्कृति में शिक्षा के मंदिर में माॅ सरस्वती की पूजन करते हुये शिक्षा प्रदान की जाती है। इसी के चलते बच्चें जब शिक्षण संस्था में पहुंचते है तो वह अपने आपकों एक मंदिर में पहुंचने के समान महसूस करने से नही चूकते है। इसी के चलते बीते हुये दिवस नये शिक्षा सत्र की शुरूआत पर भी क्षेत्र के शिक्षा भवनों में कुछ इसी तरह का नजारा देखने मिल रहा था। जहां पर शिक्षकों द्वारा शिक्षा के मंदिर में प्रवेश लेने वाले बच्चों का पूर्णरूप से तिलक रोरी के माध्यम से टीका लगाते हुये उन्हें प्रवेश दिया गया। क्योंकि शासन के आदेश पर बीते हुये 1 अप्रैल से शुरू हुये नये शिक्षा सत्र के चलते पहले दिन ही शिक्षा के मंदिरों में अनोखा नजारा दिखाई देने की शुरूआत हो चुकी है। शासकीय स्कूलों में नए शिक्षण सत्र 2024-25 की शुरुआत भव्य तरीके से हुई। नए सत्र के प्रारंभ होने पर क्षेत्र के साईंखेड़ा एवं चीचली विकास खंडों के समस्त शासकीय स्कूलों में प्रवेशोत्सव कार्यक्रम आयोजित कर स्कूल आये छात्र छात्राओं का स्वागत तिलक लगाकर एवं मिष्ठान्न खिलाकर किया गया। इस अवसर पर प्राथमिक एवं माध्यमिक शालाओं में बच्चों को विशेष भोज भी पीएम पोषण योजना के तहत दिया गया। नए सत्र के प्रारंभ होने पर समस्त शिक्षकों ने बच्चों को शुभकामनाएं देते हुए उनसे प्रतिदिन नियमित रूप से स्कूल आने एवं बेहतर ढंग से पढ़ाई करने का आव्हान किया। क्षेत्र के साईंखेड़ा ब्लॉक अंतर्गत ग्राम पाली (खैरी) की शासकीय प्राथमिक शाला मे प्रधान पाठक सिराज अहमद सिद्दिकी एवं शिक्षक ब्रजेश श्रीवास द्वारा शाला को भव्य तरीके से सजाया गया था एवं बच्चों के स्कूल आगमन पर उनका स्वागत बेंड बाजे के साथ तिलक लगाकर एवं मिष्ठान्न खिलाकर किया गया। वही ग्राम सांगई की एकीकृत शासकीय नवीन माध्यमिक शाला में माध्यमिक शिक्षक मधुसूदन पटैल एवं साथी शिक्षकों ने विद्यालय में आये बच्चों को तिलक लगाकर नए सत्र की शुभकामनाएं दी। ग्राम बगदरा की शासकीय माध्यमिक शाला में शिक्षक राजेन्द्र गुप्ता द्वारा तो दादा धूनी वालों की नगरी साईंखेड़ा के सीएम राइज विद्यालय में प्राचार्य चंद्रकांत विश्वकर्मा सहित क्षेत्र की अन्य शालाओं में भी नए सत्र के प्रारंभ होने पर प्रवेशोत्सव से जुड़े आयोजन हुए। नए सत्र के प्रारंभ होते ही स्कूलों में नामांकन, कक्षोंन्ती की प्रक्रिया शुरू हो गई है।



## दादाधाम सांईखेड़ा में चल रहे 4 दिवसीय कथा के आयोजन में उमड़ रही भीड़







**हरिभूमि न्यूज/सांईखेड़ा।**

निश्चित तौर से जब नगर व क्षेत्र में कोई धार्मिक आयोजन होता है तो लोगों में अनोखा उत्साह देखने मिलता है। कुछ इसी प्रकार से नगर सांईखेडा के गाडरवारा रोड स्थित श्री दादा दरबार में 4 दिवसीय नानी बाई के मायरे की कथा भव्य आयोजन में प्रतिदिन भक्तों की भीड़ उमड़ते हुये देखी जा रही है। वही कथा के साथ साथ सुबह ५ बजे से रात्रि १२ बजे तक विविध धार्मिक आयोजनों के चलते लोगों में उत्साह का महौल निर्मित होने से नही चूक रहा हे। बताया जाता है कि दादा दरबार में प्रतिवर्ष होली के बाद अनेक पुराणों की कथा का आयोजन किया जाा है। जिसमे श्रीमद भागवत महापुराण, श्री राम कथा, श्री विष्णु पुराण, श्री मत्स्य पुराण प्रतिवर्ष आयोजित किया जाता है। उसी क्रम में इस वर्ष 4 दिवसीय नानी बाई के मायरे की कथा का आयोजन चल रहा है। इस धार्मिक आयोजन में साईंखेड़ा क्षेत्र के साथ साथ देश विदेश से भारी संख्या में दादाजी भक्त और आमजन छोटे सरकार महाराज का दर्शन व आर्शीवाद ग्रहण करने के लिये जन समूह उमड़ते हुये देखा जा रहा है। बताया जाता है कि कथ बचाक अपने भगतों द्वारा हिंदी, मराठी, सिन्धी, मारवाड़ी जैसी अनेक भाषाओं आयोजित होने वाला भजन कीर्तन का कार्यक्रम आकर्षण का केन्द्र बना हुआ है। वही कथावाचक कृष्णप्रियां के द्वारा कथा के ऐसे भावनात्मक एवं आचरणात्मक पहलू को श्रोताओं को सुना रहे है जो कि आम तौर पर अन्य कथाओं में नहीं बताया जाता जिससे श्रोताओं में हर्ष देखने मिल रहा है। कथा के बाद सभी दादाजी भक्तो के द्वारा सामूहिक रूप से श्री शिव महिम्न, शिव तांडव, श्री दादाजी महाराज की आरती, नर्मदाष्टक, रुद्राष्टक एवं दादा अष्टक का पाठ किया जाता है। वही कथा के दूसरे दिवस कथाा वाचक द्वारा नानी बाई के मायरे की कथा के क्रम को आगे बढ़ाते हुए भक्त नरसी मेहता के चरित्र का वर्णन किया और बताया कि जब भगवान की कथा होती है तो भगवान के भक्त एकत्रित होते है। परंतु जब भगवान के नरसी मेहता जैसे भक्तों की कथा होती है तो स्वयं भगवान वहां कथा सुनने पधारते है। यह बात अलग है कि भगवान हमे आसानी से दर्शन नही देते है। मगर जब भक्त उनकी कथा को बडे ध्यान से स्मरण करता है तो उसे वहां पर ईश्वर की मौजदूगी का अहसास होने से नही चूकता है। वही आगे बताया कि इस कलयुग काल में भगवान का नाम जप मैं सारी शक्ति निहित है, हमारे संतों ने कहां है भगवान का नाम जप में इतने पाप नष्ट करने की शक्ति है जितने पाप मनुष्य पूरे जीवन में नही कर सकता। व्यक्ति सारे आश्रयो का त्याग कर यदि भगवान के नाम का जप करेंगे तो इस भव सागर से तर जायेंगा। अन्य योगों में भगवान को प्राप्त करने के लिये संतों द्वारा घोर तपस्या की जाती थी। मगर इस कलयुग में तो भगवान अपने भक्तों को जप करने पर ही दर्शन देने से नही चूकते है। भले ही लोग कलयुग के नाम से डर जाते है। मगर इस कलयुग काल में भगवान को प्राप्त करने के लिये सिर्फ जप करने से ही भगवान से मिलन हो जाता है।

## मतदान के प्रति मतदातओं को जागरूक करने निकाली गई जागरूकता रैली






**हरिभूमि न्यूज/चीचली।** भले ही अभी लोकसभा चुनाव की तारीख दूर है। मगर प्रशासन पूरी तैयारियों से जुट चुका है। वही दूसरी ओर राजनेता भी आमजन के बीच पहुंचने में कोई कसर नही छोड़ रही है। इस तरह लोकसभा निर्वाचन- 2024 को दृष्टिगत रखते हुए कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले के निर्देशन में और सीईओ जिला पंचायत व जिला नोडल अधिकारी स्वीप दलीप कुमार के मार्गदर्शन में मतदाताओं को मतदान के प्रति जागरूक करने के उद्देश्य से मतदाता जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। इस अभियान के तहत महिलाओं, पुरूषों और विद्यार्थियों के माध्यम से विभिन्न गतिविधियों का आयोजन कर मतदाताओं को मतदान करने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इसी क्रम में बीते हुये मंगलवार कों गाडरवारा विधानसभा क्षेत्र के जनपद पंचायत बाबई चीचली में महिलाओं और पुरूष मतदाताओं ने मतदाता जागरूकता रैली निकाली और प्रेरक नारे लगाये। इस दौरान मतदान करने की शपथ भी ली गई। इसी प्रकार से सांईखेड़ा नगर के बूथ क्रमांक 15, 16, 17 व 20 में महिलाओं ने रैली निकालकर प्रेरक नारे लगाए और मतदान करने की शपथ दिलाई। इसी तरह ग्राम कामती में महिलाओं ने मतदाताओं को जागरूक करने के लिए रैली, शपथ, मानव श्रृंखला आदि गतिविधियों का आयोजन किया गया। गाडरवारा परियोजना बाल विकास सांईखेड़ा में आंगनबाड़ी कार्यकर्ताओं व सहायिकाओं ने मतदाता जागरूकता अभियान के तहत शपथ दिलाई और प्रेरक नारे लगाये। इस दौरान अन्य मतदाताओं को प्रेरित करने के उद्देश्य से रैली भी निकाली गई तथा गांव में भ्रमण करते हुये मतदाता जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान मेहंदी, रैली और रंगोली के माध्यम से ग्रामवासियों को मतदान करने प्रेरित किया। वही दूसरी ओर स्वसहायता समूह की महिलाओं ने मतदान करने की शपथ ली और ग्राम इमलिया में मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन किया गया। इस समाचार के लिये फोटो क्रमांक है।

## ग्रामीण क्षेत्रो में डाली गई विद्युत केबिल में आये दिन लग रही आग से बंद रहती है बिजली

**हरिभूमि न्यूज/सड़ूमर।** म.प्र. विद्युत मंडल द्वारा बीते हुए वर्ष शासन का करोड़ो रूपया खर्च करते हुए शहरों से लेकर गांवों में बिजली चोरी रोकने के लिए तारों की जगह केबिल डालते हुए बिजली चोरी रोकने का जो प्रयास किया गया है वह निश्चित ही अच्छाई का प्रतीक माना जा रहा है, इससे निश्चित ही बिजली चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगेगा, मगर जिस प्रकार से बिजली विभाग द्वारा तारों की जगह केबिल डालने का कार्य ठेकेदारी के माध्यम से कराया गया था उसमें ठेकेदारों द्वारा जिस प्रकार की केबिलों को डाला गया है उनकी गुणवत्ता चंद दिनों में ही अपनी सच्चाई अपने आप स्पष्ट करते हुए दिखाई देने लगी है? क्योंकि आये दिन केबिलों में हो रही फाल्ट सहित उनमें टूट फूट के चलते इन केबिलों की गुणवत्ता की सच्चाई झलक रही है, वही दूसरी ओर ग्रामवासियों को परेशानियों का सामना करने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। इस सच्चाई को लेकर लोग यह बात कहने से नही चूक रहे है कि केबिली करण के दौरान जिस प्रकार से ठेकेदारों द्वारा गुणवत्ता को दर किनार करते हुए कार्य किया गया था उसमें बिजली विभाग के अधिकारियों की उदासीनता या फिर मिलीभगत की देन है जिसका परिणाम इस समय ग्रामीणों को भोगने के लिए मजबूर होना पड़ रहा है। क्योंकि गांवों में डाली गई केबिलों के आये दिन फाल्ट होने या फिर टूट फूट होने की स्थिति में जहां गांवों की बिजली बंद होने से लोग गर्मी में परेशान होते हुए देखे जा रहे है।

## शहर में जलाऊ लकड़ी का गहराया संकट, कैरोसिन का वितरण वंद होने से दो वक्त का भोजन बनाना हो रहा मुश्किल

**हरिभूमि न्यूज/ गाडरवारा।**




म.प्र.शासन की जनकल्याणकारी योजनाओं से जहां शहर के गरीबो में जो आशा की किरण झलकी थी मगर उसकी झिलमिल रोशनी को लगता है कि चल रहे गर्मी के मौसम ग्रहण लगने से नही चूक पा रहा है? हालत यह है कि गरीबो को जरूरत के हिसाब से सहकारी दुकानो से सस्ती दर पर गेहूॅ, चॉवल, नमक तो ठीक समय पर आवंटित किये जा रहे है। मगर शक्कर की मिठास शासन की योजना के तहत कभी काल ही दर्शन देती है..? वही दूसरी ओर देखा जा रहा है कि इस समय जलाऊ लकड़ी, कैरोसिन का संकट गहराने से गरीबो को घरो में दो वक्त चूल्हा जलाना मुश्किल हो रहा है। नगर के अनेक वार्डो के गरीबो ने बताया कि उनके घरो में रसोई गैस की व्यवस्था तो सरकार की उज्जबला योजना के तहत हो गई है। मगर इस महगांई के दौर में जहां गैस भरवाना आसान नही रहे गया है इस स्थिति में लकड़ी ही उनका सहारा बनती थी जिसके चलते घरो की गृहणियॉ खाना तैयार करने के लिए जलाऊ लकड़ी पर निर्भर रहती है या फिर उन्हे स्टोव का सहारा लेना पड़ता है। किंतु अजीब बात है कि इन दिनों शहर में जलाऊ लकड़ी काफी मॅहगी बिक रही है, टालो में जलाऊ लकड़ी खरीदने पर उसकी कीमत सुन गरीबों के होश उड़ रहे है। इन गरीबों का कहना है कि पहले वनांचल के गांवो से आदिवासी महिलाएॅ, पुरूष जलाऊ लकड़ी के गट्ठे लाकर झंडाचौक और शहर के विभिन्न स्थानो पर बेचते थें, जिसके चलते वह इन गट्ठो को खरीद गरीब अपना काम चला लेते थें। लेकिन लम्बा समय बीतने के बाद भी जंगल पट्टी के गांवो से आदिवासी बहुत कम जलाऊ लकड़ी ला रहे है, जिसके कारण जलाऊ लकड़ी का एक गट्ठा 300 रू. से लेकर 500 रू.तक बिक रहा है? इन गट्ठो में इतनी ही लकड़ी रहती है, जिसका इस्तेमाल इंधन के रूप में गरीब सिर्फ 2-3 दिन कर सकते है, इसके बाद फिर उन्हे जलाऊ लकड़ी की विकराल समस्या से जूझनें मजबूर होना पड़ता है। अधिकतर गरीबो कहना है कि उन्हें शासन द्वारा गैस कनेक्शन प्रदान करने के चलते उचित मूल्य दुकानों से अब कैरोसिन मिलना बंद हो गया है। क्योंकि पहले वह मिट्टी तेल से काम चला लिया करते थें। केन्द्र सरकार द्वारा चलाई गई उज्जबला योजना के तहत जिन लोगों को गैस प्रदान की गई है उन लोगों को सहकारी दुकानों से कैरोसिन देना बंद कर दिया गया है। क्योंकि गैस पूरे परिवार का भोजन तैयार करने में चंद दिन में ही समाप्त होने के कारण उन्हें मजबूरी बस मिट्टी तेल या फिर लकड़ी का सहारा लेने मजबूर होना पड़ रहा है। मगर सहकारी दुकानों से मिट्टी तेल नही मिलने की स्थिति में वह परेशान हो रहे है? सूत्रो के अनुसार इन दिनों जलाऊ लकड़ी की कमी के दौरान मिट्टी के तेल की कालाबाजारी को खेल नगर में चलने लगा है, जिससे गरीबो को दोहरी मुसीबत का सामना करना पड़ रहा है। गरीबो की माने तो क्षेत्र के जंगल पट्टे के गांवो से जो आदिवासी बच्चे, महिलाएॅ लकड़ी के गट्ठे लाते है उन्हे काफी खर्च झेलना पड़ता है, जिससे स्वाभाविक तोर पर वे कम जलाऊ लकड़ी शहर ला पा रहे है और नगर में जलाऊ लकड़ी की कमी के हालात बन गए है। इसी के चलते शहर के गरीबो ने प्रशासन से गुहार लगायी है कि गरीबो को वन विभाग के डिपो और टालो से नियंत्रित दर पर जलाऊ लकड़ी उपलब्ध कराने की व्यवस्था तत्काल की जाए ताकि शबाब पर आ रही ठंड के दौरान उनके घरो में दो वक्त चूल्हे जल सके।

**खबर संक्षेप**

### छात्र-छात्राओं का हुआ जवाहर नवोदय विद्यालय में चयन



**शहपुरा।** जवाहर नवोदय चयन परीक्षा सत्र 2024- 25 में डिंडोरी जिला के शहपुरा नगर में स्थित संस्कार पब्लिक हाई स्कूल के अध्यनरत 3 छात्र गौरव नेताम पिता रामकुमार नेताम छात्रा अंशिका साहू पिता अतुल साहू व जिज्ञासा भवेदी पालक अतर मरावी का नवोदय विद्यालय में चयन होने पर विद्यालय परिवार की ओर से हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं प्रेषित की गई।

### नियम विरुद्ध बने स्पीड ब्रेकर से हो रही दुर्घटनाएं



**मेंहदवानी।** प्रधानमंत्री ग्राम सड़क योजना के तहत बने खम्हरिया से सुड़गांव मार्ग पर संबंधित ठेकेदार द्वारा नियम विरुद्ध इमली टोला गांव में 1 किलोमीटर के अंदर 6 स्पीड ब्रेकर बनवाया गया है जिससे आए दिन दुर्घटनाएं हो रही हैं और भविष्य में दुर्घटनाएं होने की आशंका बनी हुई है। नियम विरुद्ध बने 6 स्पीड ब्रेकरों की जांच कर उन्हें हटाने की मांग को लेकर ग्रामीणों ने नायब तहसीलदार मेंहदवानी को आवेदन दिया है परन्तु अभी तक कोई कार्यवाही नहीं हुई है जिससे ग्रामीणों में नाराजगी व्याप्त है। ग्रामीणों ने शासन प्रशासन से एक किलोमीटर के दायरे में नियम विरुद्ध बने 6 स्पीड ब्रेकरों को हटाने की मांग की है।

### पुलिस अधीक्षक द्वारा जारी किया गया हेल्प लाईन नंबर

**डिंडोरी।** पुलिस अधीक्षक डिण्डौरी श्रीमती वाहनी सिंह ने एस.पी. हेल्पलाईन नम्बर 9238244301 जारी किया है। जिले में किसी भी प्रकार की अवैध गतिविधियां जैसे कि अवैध शराब, जुआ, सट्टा, सूदखोरी, पशु तस्करी, गांजा, अवैध रेत उत्खनन, चिटफण्ड कंपनी तथा संदिग्ध व्यक्ति, संदिग्ध वाहन, वाहन दुर्घटना और लोकसभा निर्वाचन के दौरान किसी भी प्रकार की अवैधानिक गतिविधियों की सूचना उक्त हेल्पलाईन नबंर पर दी जा सकती है। आमजन से अपील है कि वे सूचना वाट्सएप, एसएमएस एवं काल के माध्यम से दे सकते है, सूचनाकर्ता का नाम एवं पता सर्वथा गोपनीय रखा जावेगा। उक्त हेल्पलाईन की सभी शिकायतों/सूचनाओं की समीक्षा पुलिस अधीक्षक द्वारा स्वयं की जायेगी।

### मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियों के सत्यापन के संबंध में दिया गया प्रशिक्षण

**अनूपपुर।** कलेक्ट्रेट कार्यालय के सोन सभागार में जिले के पटवारियो को मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियों कि सत्यापन के संबंध में प्रशिक्षण प्रदान किया गया। प्रशिक्षण में संयुक्त कलेक्टर दिलीप कुमार पांडेय ने सभी पटवारियों को कहा कि भारत निर्वाचन आयोग के मंशा के अनुरूप निर्वाचन कार्य सभी लोग सावधानी से करें। निर्वाचन कार्य में किसी प्रकार की कोई लापरवाही ना बरते, अन्यथा संबंधित के विरुद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही की जाएगी। निर्वाचन कार्य में कोई भी गलती क्षम्य में नहीं होगी। मास्टर ट्रेनर कौशलेंद्र सिंह ने पटवारियों को प्रशिक्षण देते हुए कहा कि त्रुटि रहित मतदाता सूची की चिन्हित प्रतियों का सत्यापन करें। मतदाता सूची के पेज, मतदान केंद्र क्रमांक, मतदाता का नाम, वोटर आईडी क्रमांक, वोटरों की संख्या इत्यादि के सत्यापन के संबंध में जानकारी दी तथा उन्होंने कहा कि मतदाता सूची का भी बारीकियां से अवलोकन कर सत्यापन करें। उन्होंने कहा कि अगर किसी भी प्रकार की कोई समस्या आती है या फिर चिन्हित प्रतियों के सत्यापन कार्य में कुछ समझ नहीं आता है तो संबंधित अधिकारी या मास्टर ट्रेनर से त्वरित संपर्क कर इसका समाधान करें। उन्होंने बताया कि 15 अप्रैल को मतदान सामग्री वितरण एवं जमा करने हेतु ट्रेनिंग दी जाएगी। बैठक में अधीक्षक भू अभिलेख प्रदीप कुमार मोगरे, मास्टर ट्रेनर संतोष तिवारी सहित जिले के पटवारी एवं मतदान कर्मी उपस्थित थे।

## जबलपुर अमरकंटक नेशनल हाईवे मार्ग पर सड़क हादसा

# यात्री बस और एंबुलेंस की भिड़ंत

**यात्री बस और एंबुलेंस की जोरदार भिड़ंत ,एम्बुलेन्स चालक की मौके पर ही मौत**

**मामला डिंडोरी जिला के शहपुरा थाना क्षेत्र का**

डिंडोरी जिला के शाहपुर थाना क्षेत्र नेशनल हाईवे जबलपुर अमरकंटक मार्ग अमेरा गांव के घाट के पास अचानक बस और एंबुलेंस की आमने-सामने जोरदार भिड़ंत हो गई जिसमें एंबुलेंस चालक की मौके पर दर्दनाक मौत हो गई ।

हरिभूमि न्यूज शहपुरा।

दरअसल मंगलवार को एंबुलेंस क्रमांक एमपी 20 डीए 0183 डिंडौरी से जबलपुर जा रही थी और बस क्रमांक एमपी 20 जैडएफ 5305 जबलपुर से डिंडौरी जा रही थी उसी दौरान अमेरा मोड पर भीषण सड़क हादसा हो गया जिसके चलते मौके पर एंबुलेंस चालक सौरभ रजक पिता दिलीप रजक उम्र 23 धन्वंतरि नगर वार्ड 71 जबलपुर की मौत हो गई, शहपुरा पुलिस को जब इस मामले की जानकारी लगी तो मौके में पहुँच शव का पंचनामा बना शव को शहपुरा लाया गया जहाँ शव का विछेदन करवा मर्ग कायम कर शव को परिजनों को सौप आगे की जांच पड़ताल में जुटी।






## बैगाचक में जल संकट, आजादी के अमृत उत्सव में पानी के लिए त्राहिमाम





**ग्राम पंचायत ठाडपाथर के लिमहा गांव का मामला**

**योजनाएं विफल नल जल योजना की खुली पोल अधूरा काम छोड़ विभाग भूला गांव में एक भी हेंडपंप नहीं झिरिया का पानी पीने मजबूर बैगा आदिवासी**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

आजादी के सात दशक बाद आज भी ग्रामीण पानी के लिए मोहताज है। सरकार योजनाओं और व्यवस्थाओं के नाम पर लाख वादे करे पर जमीनी स्तर पर इस तरह के वादों के हालात दावों को खोखले साबित कर रहे हैं। लोग मूलभूत सुविधाओं के लिए परेशान हैं लोगों की जिंदगी के लिए सबसे जरूरी पानी भी लोगों को सुविधा से प्राप्त नहीं हो रहा है लोग झिरिया, नाला, और अन्य स्त्रोतों से पानी प्राप्त करने की जद्दोजहद में लगे हुए हैं। हम बात कर रहे हैं डिंडोरी जिले के विकास खंड करंजिया में ग्राम पंचायत ठाडपाथर में आज भी पानी के लिए मोहताज है लोगों को जीवन यापन करने के लिए तक पानी आसानी से नहीं मिल रहा है। एक किलोमीटर दूर झिरिया, नाला से पानी लाकर लोग जरूरत पूरी कर रहे हैं। ऐंसा नहीं है कि क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों को इसकी जानकारी नहीं है, जानकारी तो है तभी तो नल जल योजना अंतर्गत पाईप लाइन डालकर घर घर पानी देने की कवायद कर रहे हैं, जानकारी अनुसार एक साल पहले पाईप लाईन डाली गई और आधा अधूरा काम छोड़कर विभागीय अमला और ठेकेदार काम छोड़कर चले गए। पानी टंकी का निर्माण भी अधूरा है, क्षेत्र में स्वास्थ्य और शिक्षा की स्थिति में बद से बद्तर है। ज्ञात हो कि वन ग्राम लिमहा में 100 बैगा जनजाति के लोग निवास कर रहे हैं। छत्तीसगढ़ के बार्डर पर बसा यह गांव मूलभूत सुविधाओं से वंचित हैं, पानी की समस्या तो है ही गांव में एक आंगनबाड़ी और प्राथमिक विद्यालय के आलावा शिक्षा के भी कोई स्त्रोत नहीं है वहीं दूसरी ओर स्वास्थ्य सेवाओं के लिए 10 किलोमीटर दूर बहारपुर जाना पड़ता है।

## चरित्र संदेश व आपसी रंजिश के चलते पति ने की पत्नी की निर्मम हत्या



**हरिभूमि न्यूज शहपुरा।** डिंडोरी जिला के शहपुरा थाना के बिछिया चैकी अन्तर्गत ग्राम पंचायत बिछिया में पति ने अपनी पत्नी को उतारा मौत के घाट। महिला का नाम सोमवती धुर्वे पति लम्हा सिह धुर्वे उम्र 32 वर्ष बिछिया के उमर मोहल्ला के निवासी थे। जानकारी अनुसार पति अपने पत्नी के चरित्र पर संदेह करता था और आपसी रंजिष के कारण यह वारदात हुई। पूरी तैयारी कर सोच समझ कर हत्या कि पहले दरवाजा में सिमेंट कि बोरी रख कर जिससे कि कोई बाहर के लोग चिल्लाने कि अवाज से ना खोल पाये। स्थानीय लोग 100 नम्बर में फोन लगा कर पुलिस बुलाये और आरोपी पति को शहपुरा पुलिस गिरफ्तार कर पुलिस विवेचना मै लिए।




## जनअभियान परिषद ने किया मतदाता जागरूकता रैली का आयोजन

**-कलेक्टर विकास मिश्रा ने रैली को हरी झंडी दिखाकर किया रवाना**

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी विकास मिश्रा ने जन अभियान परिषद के तत्वाधान में आयोजित मतदाता जागरूकता रैली को हरी झंडी दिखाकर कलेक्टर परिसर से रवाना किया। रैली में मतदाता जागरूकता के लिए ''सारे काम छोड़ दो, सबसे पहले वोट दो'' का संदेश प्रचारित किया गया। मतदाता जागरूकता रैली कलेक्ट्रेट परिसर से होते हुए डिंडौरी मुख्य बस स्टैण्ड तक आयोजित रैली जन अभियान परिषद के तहत ब्लॉक से आए नवांकुर संस्था के सदस्यों ने भाग लिया और सभी को 19 अप्रेल के दिन आवश्यक रूप से मतदान करने के लिए प्रेरित किया।

## करंजिया महाविद्यालय में मतदान हेतु मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों की दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज डिंडौरी।

शासकीय महाविद्यालय करंजिया मे स्वीप कार्यक्रम अंतर्गत मतदाता की पहचान के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों की जानकारी महाविद्यालय के प्राचार्य श्री प्रमोद कुमार वास्पे के निर्देशन मे मतदाता विद्यार्थियों को जानकारी दी गई, बताया गया की मतदाता की पहचान सुनिश्चित होने के बाद ही उसे मतदान का अवसर मिलेगा। मतदाता सूची में नाम शामिल होने पर मतदाता अपने मतदाता पहचान पत्र से मतदान का अवसर प्राप्त कर सकेंगे। मतदाता पहचान पत्र के अलावा निर्वाचन आयोग द्वारा मतदाता की पहचान सुनिश्चित करने के लिए 12 फोटोयुक्त पहचान पत्रों को मान्यता दी गई है। इनमें से किसी एक का उपयोग करके मतदाता की पहचान सुनिश्चित हो जाएगी।




इस संबंध में स्वीप के नोडल अधिकारी मो. अनीश ने बताया कि 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों में आधार कार्ड, मनरेगा जाब कार्ड, ड्राइविंग लाइसेंस, पैन कार्ड, भारतीय पासपोर्ट, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केंद्र अथवा राज्य सरकार तथा सार्वजनिक क्षेत्र के उपक्रमों द्वारा कर्मचारियों को जारी किए गए फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र को मान्य किया गया है। इसके साथ-साथ बैंक और डाकघर द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, श्रम मंत्रालय की योजना के तहत जारी स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, सांसदों तथा विधायकों को जारी किए गए आधिकारिक पहचान पत्र और भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक दिव्यांगता आईडी शामिल है।

अप्रवासी भारतीय मतदाताओं (एनआरआई) को केवल पहचान के लिए अपना मूल पासपोर्ट दिखाना होगा। यदि ईपिक में किसी मतदाता के फोटोग्राफ आदि का मिलान न हो पाने के कारण मतदाता की पहचान करना संभव नहीं है, तो उस मतदाता को उपरोक्त 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त दस्तावेजों में से कोई एक दिखाना होगा।

## विंध्य प्रांत प्रमुख डॉ. देवेन्द्र तिवारी का किया गया सार्वजनिक अभिनन्दन



**अनूपपुर।** भारत विकास परिषद के नव नियुक्त विंध्य प्रांत प्रमुख डॉ. देवेन्द्र तिवारी का सोमवार की रात सार्वजनिक अभिनन्दन किया गया। ताराडांड स्थित अनूपपुर इकाई के अध्यक्ष राजकिशोर तिवारी के निवास पर परिषद की ओर से होली मिलन समारोह का आयोजन किया गया। जिसमे वरिष्ठ गणमान्य लोगों ने डा तिवारी को तिलक लगा कर माला पहना कर साल श्रीफल से सम्मानित किया गया। इस अवसर पर वरिष्ठ पत्रकार मनोज द्विवेदी ने लोगों को संबोधित करते हुए कहा कि यह अनूपपुर जिले के लिये गौरवशाली समय है कि हमारे बीच के डा देवेन्द्र तिवारी विंध्य प्रांत के महत्वपूर्ण पद पर पहुंचे। इससे पूर्व राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के अनूपपुर जिला संघ चालक राजेन्द्र तिवारी, डा प्रदीप तिवारी, भारत विकास परिषद के विंध्य प्रांत प्रमुख डा देवेन्द्र तिवारी, मनोज द्विवेदी, विवेक बियाणी, राजकिशोर तिवारी, ब्रजभूषण शुक्ला,राम नारायण उर्मलिया, रामप्रकाश द्विवेदी, पंकज मिश्रा, मनोज मिश्रा, अनिल तिवारी,अरविन्द मिश्रा, वीरेन्द्र सिंह, आनंद पाण्डेय, ज्ञानचंद जायसवाल, अरविन्द पाठक, पुष्पेन्द्र पाण्डेय, राजेश पप्पू चकेठी, कृष्णकुमार द्विवेदी, विपिन तिवारी, राकेश द्विवेदी, मोल द्विवेदी, संतोष मिश्रा, लालमन शुक्ला, लालमणि शुक्ला, बृजवासी मिश्रा के साथ ताराडांड , दुलहरा,भोजपुरी फाग मंडली ने रंग जमा दिया। भारत विकास परिषद अनूपपुर के सौजन्य से आयोजित होली मिलन समारोह सोमवार की दोपहर चार बजे से शुरू हुआ। पं राजकिशोर ने अतिथियों पर पुष्पवर्षा करते हुए रंग, अबीर, गुलाल लगाकर शुभकामनाएँ प्रदान कीं। देर रात तक शांति पूर्ण तरीके से होली मिलन समारोह चलता रहा। उपस्थित लोगो ने स्वाहार का आनंद उठाया। सभी ने एक दूसरे को होली की बधाईयां देते हुए देश के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

## मध्यप्रदेश शिक्षक संघ प्रांतीय कार्यकारिणी की बैठक संपन्न

### युग परिवर्तन की बेला में सब मिलकर साथ चलने की अपील

**अनूपपुर।** हम शिक्षकों को अपनी ताकत बढ़ानी है। जब शिक्षक संघ शासन के समक्ष कोई बात रखता है और विभागों में फाइलें चलती है तो एक अधिकारी समर्थन करता है और दो विरोध करते हैं। हमारी मांग है कि, जब अधिकारी एवं सरकार कोई नीतिगत निर्णय लें तो उस बैठक में शिक्षक संघ के पदाधिकारियों या शिक्षक संघ की ओर से अधिकृत विशेषज्ञ शिक्षकों को भी आमंत्रित किया जाये। मध्य प्रदेश शिक्षक संघ ने चतुर्थ समयमान वेतनमान/ क्रमोन्नति के लिए स्कूल शिक्षा विभाग, आयुक्त लोक शिक्षण, शिक्षा मंत्री, आयुक्त राज्य शिक्षा केंद्र व अन्य को अलग-अलग चार पत्र दिए तब जाकर समयमान वेतनमान मिला। शिक्षक संघ के प्रयासों से ही 4% डीए मिला। उच्च पद प्रभार की प्रक्रिया में भाग लेना स्वैच्छिक करवाया। अधिकारियों एवं शासन ने हमें आश्वस्त किया है कि, आने वाले समय में हमें क्रमोन्नति भी मिलेगी और छूटे हुए नाम जोड़कर उच्च पद का प्रभार भी मिलेगा। बकाया 4% डीए भी मिलेगा। 30 जून में सेवानिवृत होने वाले शिक्षकों को वेतन वृद्धि का लाभ दिलाने डीपीआई से चर्चा की जाएगी। शिक्षक विरोधी मानसिकता के अधिकारियों की वरिष्ठ कार्यालयों से रवानगी करवाएंगे। उक्त आशय की जानकारी मध्यप्रदेश शिक्षक संघ की 28 एवं 29 मार्च में भोपाल के वनवासी कल्याण आश्रम एमपी नगर जोन एक में आयोजित बैठक में प्रांताध्यक्ष डॉ क्षत्रवीर सिंह राठौर द्वारा दी गई। चार सत्रों में आयोजित बैठक अखिल भारतीय पदाधिकारी राष्ट्रीय संगठन मंत्री महेंद्र कपूर, अतिरिक्त महामंत्री संजय राउत, हमारा विद्यालय हमारा तीर्थ आयाम के अ.भा.सह प्रमुख लछीराम इंगले, प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मतसिंह जैन, सह संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले व राजीव शर्मा की उपस्थिति एवं प्रांतीय अध्यक्ष छत्रवीरसिंह राठौर की अध्यक्षता में संपन्न हुई। प्रथम सत्र में सरस्वती पूजन, सरस्वती वंदना एवं संगठन मंत्र से बैठक प्रारंभ हुई। प्रांत सह कार्यवाह हेमंत सेठिया ने अपने उद्बोधन में संगठन के माध्यम से राष्ट्र निर्माण में शिक्षकों की भूमिका पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि 14 -15 एवं 16 सितंबर 2024 को ओंकारेश्वर में प्रांतीय अभ्यास वर्ग का आयोजन होगा। 8 -9 जून को दो दिवसीय विमर्श कार्यशाला का आयोजन भोपाल में किया जाएगा। अगली प्रांतीय बैठक मंदसौर में होगी जिसके समय की सूचना पृथक से दी जावेगी। कार्यक्रम के अंत में शिक्षक संघ को पूर्ण कालिक समय देने के लिए प्रांतीय संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन, प्रांतीय सह संगठन मंत्री हीरालाल तिरोले, सह संगठन मंत्री राजीव शर्मा एवं प्रांतीय आडीटर उमाशंकर अग्रवाल का महेंद्र कपूर द्वारा शाल श्रीफल से सम्मान किया गया। इस अवसर पर प्रांत संगठन मंत्री हिम्मत सिंह जैन के शासकीय सेवा से निवृत होने पर उनके द्वारा शैक्षिक मंथन पत्रिका हेतु 21 हजार रुपए की मंगलराशि भेंट करने के निर्णय को धन्यवाद ज्ञापित किया गया। बैठकों का संचालन प्रांतिय महामंत्री राकेश गुप्ता एवं कल्याण मंत्र से प्रांतीय उपाध्यक्ष महेंद्र जैन ने समापन किया।

## खबर संक्षेप

### मतदान दलों का द्वितीय रेण्डमाइजेशन सम्पन्न



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के लिए मतदान दल में नियुक्त अधिकारी/ कर्मचारियों की द्वितीय रेण्डमाइजेशन मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामन्य प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी (आईएएस) की उपस्थिति में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले द्वारा मंगलवार को एनआईसी कक्ष नरसिंहपुर में किया गया। रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया जिले के चारों विधानसभा के आधार पर विधानसभावार सम्पन्न कराई गई। रेण्डमाइजेशन प्रक्रिया के दौरान सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार व उप जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती अंजली शाह सहित अन्य अधिकारी उपस्थित रहे।

### स्टैंडिग कमेटी की बैठक आयोजित

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** लोकसभा निर्वाचन- 2024 के तहत मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी (आईएएस) और कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले की उपस्थिति में कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में स्टैंडिग कमेटी की बैठक आयोजित की गई। उक्त बैठक में सीईओ जिला पंचायत दलीप कुमार, अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, राजनैतिक दलों से हरगोविंद पटैल, अमितेन्द्र नारोलिया व अन्य जनप्रतिनिधि और अन्य अधिकारी उपस्थित रहे। सामान्य प्रेक्षक डॉ. स्वामी ने दलों से उनके मुद्दे, शिकायतें एवं सुझाव की जानकारी ली, जिस पर सभी स्टैंडिंग कमेटी के सदस्यों ने संतुष्टि जाहिर की। सामान्य प्रेक्षक ने निष्पक्ष और शांतिपूर्ण मतदान का आश्वासन देते हुए सभी से सहयोग की अपेक्षा की। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती पटले ने सामान्य प्रेक्षक को मतदान से संबंधित व्यवस्थाओं से अवगत कराया।

### पुलिस प्रेक्षक ने किया स्ट्राँग रूम का निरीक्षण



**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त पुलिस प्रेक्षक नागेन्द्र नाथ त्रिपाठी ने मंगलवार को मंडी परिसर नरसिंहपुर में बनाये गये स्ट्राँग रूम का निरीक्षण किया और संबंधित अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिये। स्ट्रांग रूम के निरीक्षण के दौरान उन्होंने सुरक्षा के इंतजाम, ईव्हीएम परिवहन मार्ग, सामग्री वितरण एवं वापसी स्थल का निरीक्षण किया। उन्होंने कहा कि स्ट्रांग रूम से मतगणना स्थल तक ईव्हीएम मशीन ले जाने वाले रास्ते की सीसीटीव्ही रिकार्डिंग की जाये। मतदान उपरांत राजनैतिक दलों द्वारा लगाये जाने वाले टेंट की भी जानकारी ली। इस दौरान कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले, पुलिस अधीक्षक अमित कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी एवं अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह, एडिशनल एसपी नागेन्द्र पटेरिया और संबंधित अधिकारी व कर्मचारी मौजूद थे।

### हाईकोर्ट के आदेश पर शासकीय भूमि कराई अतिक्रमण मुक्त

# चरनोई भूमि पर की जा रही थी खेती









**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर ।** जिले मे प्रशासन द्वारा शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त काराने के लिये अनेको प्रयास किये जा रहे है लेकिन शासकीय भूमि अतिक्रमण से मुक्त नही हो पा रही है । लोगो द्वारा जगह - जगह पर शासकीय भूमि पर अतिक्रमण किया गया जिस पर आवास बना लिये गये हे वही कई स्थानों पर धड़ल्ले से खेती की जा रही है हालांकि उक्त संबंध मे प्रशासन के जिम्मेदार अधिकारी व कर्मचारियों को पूरी जानकारी होने के बाद भी कोई ठोस कार्रवाई नही की जाती है जिससे अतिक्रमणकारियों के हौसले बुलंद होते रहते है । इसी प्रकार का मामला जिले की करेली तहसील अंतर्गत आने वाली ग्राम पंचायत चिनकी का सामने आया जहां पर प्रशासन द्वारा हाईकोर्ट के आदेश पर शासकीय भूमि को अतिक्रमण मुक्त कराया गया ।

### हाईकोर्ट के आदेश पर की गई कार्रवाई

नरसिंहपुर करेली मध्य प्रदेश के उच्च न्यायालय में ग्राम उमरिया चिंकी निवासी गणेश प्रसाद साहू ने ग्राम के समीप स्थित लगभग 800 एंकड गौ वंशो को चरने वाली भूमि पर रसूखदार, मालगुजारों ,और अतिक्रमणकारियों ने अपने कब्जे में लेकर पिछले कई वर्षों से गन्ना, चना ,मसूर की खेती की जाने की लेकर चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर प्रधानमंत्री, मुख्यमंत्री, कलेक्टर, तहसीलदार को ज्ञापन देने के बाद भी कोई कार्रवाई न होने को लेकर उच्च न्यायालय में अपने वकील के माध्यम से जनहित याचिका दायर की थी उच्च न्यायालय के निर्देश पर मंगलवार को चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर करेली तहसीलदार निर्मल पटेल ने ग्राम की उमरिया की चरनोई भूमि , का अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर अपने पटवारी कोटवारों के साथ लेकर चरनोई भूमि में पहुंचे और देखा कि बड़ी संख्या में चरनोई भूमि पर अतिक्रमणकर गन्ना,चना की खेती की जा रही है और इस भूमि के आसपास तार बाउंड्री की गई है दो ट्रैक्टरों के द्वारा तार बाउंड्री को अलग करवाया गया और तों और इस भूमि पर नलकूप मोटर पंप लगाकर खेती की जा रही है खेती करने के दौरान खेत में बिजली का नंगा तार लगा कर तार में करेंट लगाकर वन्य प्राणियों राष्ट्रीय पक्षी मोर, हिरण , सुअर को भी मारे जाने की जानकारी प्राप्त हो रही है ।

### वन तथा जंगली जीवों की भी क्षति

भूमि के पास ही सागोन के वृक्षों का जंगल लगा हुआ है इन सागोन के वृक्षों को भी काटा जा रहा है सागोन के पेड़ो की कटाई को आसानी से देखा जा सकता है लोकसभा चुनाव के दौरान निर्वाचन आयोग ने अपने स्पष्ट पत्र लिखा था कि तीन साल से ज्यादा नौकरी करने बालो को ट्रांसफर किया जाए पत्र की खुली आवहेलना की जा हे रही हे इस पत्र की खुली आवहेलना करते हुए यहां पर पदस्थ पटवारी देवेंद्र कुमार बैरागी पिछले 15 वर्षों से ज्यादा तैनात होने पर इनकी देखरेख में चरनोई की भूमि पर अतिक्रमण करवाया जा रहा है और सागोन के पेड़ो को भी कटवाया जा रहा है वृक्षों की कटाई के समय वन्य प्राणी राष्ट्रीय पक्षी मोर , हिरण जंगली सुअर को भी नुकसान पहुंचाया जा रहा है और इनकी मौत भी हो रही है यहां पर महिला सरपंच है पर महिला सरपंच की जगह उनके सरपंच पति ग्राम पंचायत उमरिया चिंकी में अपनी मनमर्जी करते रहते हैं ।

### सिकमी पर ली गई भूमि

याचिकाकर्ता के विद्वान वकील का कहना है कि भले ही याचिकाकर्ता का स्थान संदेहास्पद है, लेकिन फिर भी याचिकाकर्ता द्वारा दायर आवेदन पर, पक्षों को सुनने के बाद तहसीलदार ने गौ भूमि पर अतिक्रमणकारियों द्वारा किए गए अतिक्रमण को हटाने का निर्देश पहले ही दे दिया है। ग्राम उमरिया की चारागाह भूमि। अब यह केवल एक निष्पादन है, जो लंबित है, खासकर तब जब तहसीलदार द्वारा पारित आदेश में अब तक किसी भी प्राधिकारी द्वारा हस्तक्षेप नहीं किया गया है। हाईकोर्ट के आदेश पर सरपंच पति अतिक्रमण मुक्त करने के समय तहसीलदार, पटवारी को गुमराह करते हुए अपनी बात रखते रहे । भूमि पर अतिक्रमण युक्त भूमि को सिकमी लेने वाले डॉक्टर रंजन विश्वास ने अपनी भूमि बिजली के नंगे तार लगाकर वन्य प्राणियों को नुकसान पहुंचा कर मौत के मुंह में पहुंचने की कोशिश की गई देर शाम तक तहसीलदार करेली के द्वारा अतिक्रमण भूमि को मुक्त करने की कार्रवाई की जा रही थी। चरनोई भूमि को अतिक्रमण मुक्त करने के समय भारतीय जीव जंतु कल्याण बोर्ड से नियुक्त मानद पशु कल्याण प्रतिनिधि, जी सीसीआई के प्रदेश प्रेस संयोजक भागीरथ तिवारी पत्रकार, शैलेंद्र तिवारी आशीष दुबे आदि उपस्थित रहे ।

## कार्यकर्ता के काम को मिलती है पहचान : प्रहलाद पटेल




### भाजपा का होली मिलन समारोह संपन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** विगत दिवस भारतीय जनता पार्टी का कार्यकर्ता होली मिलन समारोह संपन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरूआत मां भारती एवं भाजपा के पितृ पुरषों के समक्ष दीप प्रज्वलन एवं माल्यार्पण कर हुई। उपस्थित सभी कार्यकतार्ओं व नेतागणों ने एक दूसरे को तिलक लगाकर व मिठाई खिलाकर होली व रंगपंचमी की शुभकामनाएं प्रेषित की तत्पश्चात कार्यकतार्ओं को संबोधित करते हुए प्रहलाद पटेल ने कहा कि पुरे देश में भारतीय जनता पार्टी ही इकलौती ऐसी पार्टी है जो कि कार्यकर्ता के काम को प्रधानता में रखते हुए उसका फल देती है, भारतीय जनता पार्टी अंत्योदय के सिद्धांत को मानने वाली पार्टी है, हमारी पार्टी में किसी भी जाती, रंग, धर्म, प्रांत, पंत का भेद नहीं है हम सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास एवं सबके प्रयास के मूल मंत्र को मानने वाले लोग हैं। भारतीय जनता पार्टी वह पार्टी है जो किसी भी काबिल कार्यकर्ता को सर्वोच्च पद देने में कभी संकोच नहीं करती चैधरी दर्शन सिंह इस बात का प्रमाण है कि भारतीय जनता पार्टी एक सामान्य किसान को सांसद का टिकट दिया उनके पार्टी के प्रति समर्पित कार्यों और मेहनत के परिणामस्वरूप आज वो होशंगाबाद लोकसभा क्षेत्र के सांसद प्रत्याशी है। आगामी 6 अप्रैल पार्टी के स्थापना दिवस पर प्रत्येक बूथ पर कार्यक्रम कर पार्टी के झंडों को घर घर लगाना कांग्रेस के लोगों को पार्टी की सदस्यता दिलाना व नमों के माध्यम से माइक्रो डोनेशन कराकर चुनावी अभियान की शुरूआत करना है। कार्यक्रम की जानकारी देते हुए जिला मीडिया प्रभारी अभिनव शर्मा ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन के मुख्य अतिथि के रूप में स्थानीय विधायक एवं मध्य प्रदेश शासन के पंचायत एवं ग्रामीण विकास मंत्री प्रहलाद पटेल, भाजपा जिलाध्यक्ष इंजी. अभिलाष मिश्रा,भाजपा सांसद प्रत्याशी दर्शन सिंह चैधरी, पूर्व मंत्री जालम सिंह पटेल, गोटेगांव विधायक महेन्द्र नागेश, जिला पंचायत अध्यक्ष ज्योति काकोड़यि, लोकसभा सहसंयोजक हरिप्रताप ममार, नगर पालिका अध्यक्ष नीरज दुबे, जिला महामंत्री ठाकुर राजीव सिंह, विधानसभा संयोजक सुनील कोठारी, पूर्व जिलाध्यक्ष महंत प्रीतमपुरी, जिला पंचायत उपाध्यक्ष अनीता ठाकुर, वनोपज संघ अध्यक्ष देवी सिंह पटेल, विधानसभा प्रभारी अभिजीत महाजन उपस्थित रहे । कार्यक्रम का संचालन नगर मंडल अध्यक्ष रमाकांत चौबे व आभार ग्रामीण मंडल अध्यक्ष ब्रजेश पटेल ने किया।



## सामान्य प्रेक्षक ने ली नोडल अधिकारियों की बैठक

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** मंडला संसदीय क्षेत्र के लिए नियुक्त सामान्य प्रेक्षक डॉ. राजू नारायण स्वामी (आईएएस) ने नरसिंह भवन के कलेक्ट्रेट सभाकक्ष में नोडल अधिकारियों की बैठक ली। बैठक में कलेक्टर एवं जिला निर्वाचन अधिकारी श्रीमती शीतला पटले ने जिले में लोकसभा निर्वाचन की तैयारियों की जानकारी पीपीटी के माध्यम से प्रदान की। सामान्य प्रेक्षक डॉ. स्वामी ने सी- विजिल एप पर आई शिकायतों के बारे में जानकारी ली। कलेक्टर श्रीमती पटले ने बताया कि सी- विजिल एप पर आने वाली शिकायतों का फालोअप समय सीमा के भीतर लेकर उसकी एंट्री रजिस्टर में की जाती है। रैली, सभा, जुलूस आदि की अनुमति के लिए सुविधा पोर्टल के बारे में भी राजनैतिक दलों को अवगत कराया गया है। सामान्य प्रेक्षक डॉ. स्वामी ने कहा कि 85 वर्ष से अधिक उम्र के मतदाताओं एवं दिव्यांग मतदाताओं को घर से मतदान करने की सुविधा निर्वाचन आयोग द्वारा दी गई है। इसमें निर्वाचन आयोग द्वारा दिये गये दिशा निदेर्शों का पालन सुनिश्चित किया जाये और यह भी सुनिश्चित हो कि जिस प्रकार मतदान केन्द्र में गोपनीय तरीके से मतदान प्रक्रिया होती है, उसी तरह हो।

सामान्य प्रेक्षक ने कहा कि मतदान केन्द्रों में सभी मूलभूत आवश्यक सुविधायें सुनिश्चित की जायें। साथ ही मतदाताओं को 12 वैकल्पिक फोटोयुक्त पहचान दस्तावेजों की जानकारी भी प्रदान की जाये। इसमें आधार कार्ड, मनरेगा जॉब कार्ड, डाकघर/ बैंक द्वारा जारी फोटोयुक्त पासबुक, ड्राइविंग लायसेंस, पेन कार्ड, पासपोर्ट, स्वास्थ्य बीमा स्मार्ट कार्ड, राष्ट्रीय जनसंख्या रजिस्टर के तहत आरजीआई द्वारा जारी स्मार्ट कार्ड, फोटो सहित पेंशन दस्तावेज, केन्द्र व राज्य सरकार, पीएसयू, सार्वजनिक लिमिटेड कम्पनियों द्वारा कर्मचारियों को जारी किये गये फोटोयुक्त सेवा पहचान पत्र, भारत सरकार के सामाजिक न्याय मंत्रालय द्वारा दिव्यांगजनों को जारी यूनिक डिसेविलीटी आईडी शामिल हैं। उन्होंने कहा कि मतदान दलों के प्रशिक्षण कार्यक्रम में मास्टर ट्रेनर द्वारा उन्हें मॉकपोल के बाद डाटा क्लियर करने की कार्रवाई आवश्यक रूप से करना है, यह भी विशेष रूप से बताया जाये। निर्वाचन को निष्पक्ष और शांतिपूर्ण तरीके से संपन्न कराने के लिए सम्मिलित प्रयास आवश्यक हैं। उन्होंने एसएसटी, एफएसटी, रूटचार्ट, शिकायतों की जांच एवं निराकरण आदि के संबंध में भी जानकारी ली। जिले में की गई तैयारियों से वे संतुष्ट नजर आये। बैठक में सीईओ जिला पंचायत श्री दलीप कुमार, उप जिला निर्वाचन अधिकारी व अपर कलेक्टर श्रीमती अंजली शाह और अन्य अधिकारी मौजूद थे।

## सात दिवसीय रासेयो शिविर सम्पन्न

**हरिभूमि न्यूज - नरसिंहपुर।** शासकीय कृषि उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बरहटा की राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई का सप्त दिवसीय विशेष शिविर का समापन कार्यक्रम शासकीय हाई स्कूल खापा शेढ़ में संपन्न हुआ। समापन कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती जी के पूजन अर्चन तथा स्वामी विवेकानंद जी के छायाचित्र का पूजन उपरांत हुआ।समापन कार्यक्रम में कार्यक्रम अधिकारी शरद गुप्ता ने बताया कि इस सात दिवसीय शिविर में स्वयंसेवकों ने विभिन्न गतिविधियों की, जिसके अंतर्गत विद्यालय परिसर में स्वच्छता अभियान, ग्राम में मतदाता जागरूकता रैली, स्लोगन लेखन, बौद्धिक परिचर्चा के अंतर्गत विभिन्न विषयों पर परिचर्चा आदि कार्यक्रम आयोजित हुए। शिविर में संकुल प्राचार्य मोहन लाल मुड़यिा एवं शासकीय हाई स्कूल खापा के प्राचार्य एस के बक्शी, शिक्षक विनोद झारिया ने विशेष मार्गदर्शन प्रदान किया। दलनायक पवन यादव ने सातों दिन की दिनचर्या से सभी को अवगत कराया।कार्यक्रम का संचालन शिक्षक विकास गुप्ता एवं आभार प्रदर्शन शिक्षक यश गुप्ता ने किया। समापन कार्यक्रम में शिक्षक ओंकार गिर गोस्वामी, गेंदालाल काछी, बिहारी नामदेव, भरत पाटकर, प्रशांत नामदेव आदि ने अपने विचार रखे।अंत में सभी शिवरार्थियों को प्रमाण पत्र वितरण किया गया। शिविर में अजय यादव, निखिल कश्यप,भारत यादव, कमलेश यादव, सूरज यादव एवं ग्रामीणों ने विशेष सहयोग प्रदान किया।




## आज नामांकन दाखिल करेंगे कांग्रेस प्रत्याशी संजय शर्मा

**तेंदूखेड़ा-** नर्मदापुरम-नरसिंहपुर संसदीय क्षेत्र के कांग्रेस के प्रत्याशी तेंदूखेड़ा के पूर्व विधायक संजय शर्मा आज 3 अप्रैल को दोपहर 11 बजे नर्मदापुरम कलेक्ट्रेट पहुंचकर अपना नामांकन-पत्र दाखिल करने के उपरांत विशाल आम सभा को भी संबोधित करेंगे । नामांकन पत्र दाखिल करते समय अखिल भारतीय कांग्रेस कमेटी के मध्य प्रदेश के प्रभारी जितेंद्र भंवर सिंह, कांग्रेस प्रदेश अध्यक्ष जीतू पटवारी प्रदेश के सह प्रभारी संजय कपूर वरिष्ठ अधिवक्ता विवेक तंखा पूर्व मंत्री मुकेश नायक नर्मदा पुरम लोकसभा के आठो विधानसभाओं के सभी कांग्रेस प्रत्याशी, कांग्रेस जिला अध्यक्ष एवं समस्त वरिष्ठ पदाधिकारी समेत कई वरिष्ठ नेता, कार्यकर्ता जन नर्मदा पुरम (होशंगाबाद )पहुंचेंगे एवं आम सभा को संबोधित करेंगे। नर्मदापुरम के वार्ड क्रमांक 9 के जिला पंचायत सदस्य हाकम सिंह गुर्जर एवं समस्त विधानसभाओं के कांग्रेस जन प्रतिनिधियों कार्यकर्ताओं पदाधिकारियों से उपस्थिति की अपील की गई है।



## मूर्ति नहीं मूर्तिमान के दर्शन करो- मुनिश्री वीरसागर



**तेंदूखेड़ा-** समाधिस्थ संत शिरोमणि आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के परम शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री वीर सागर जी महाराज का संघ सहित पुणे से कुंडलपुर की ओर बिहार चल रहा है, जहां 16 अप्रैल को आचार्य श्री विद्यासागर जी महाराज के ज्येष्ठ शिष्य निर्यापक श्रमण मुनि श्री समय सागर जी महाराज के आचार्य पदारोहण समारोह कार्यक्रम में सम्मिलित होंगे, इसी क्रम में मंगलवार को मुनि श्री वीर सागर जी महाराज का संघ सहित तेंदूखेड़ा नगर में आगमन हुआ बड़ी संख्या में जैन जैनेतर श्रद्धालुओं ने मुनि श्री की भव्य अगवानी की, इस अवसर पर श्री देव पारस प्राचीन दिगंबर जैन मंदिर में मूल नायक अतिशयकारी श्री पारसनाथ भगवान का महामस्तकाभिषेक एवं शांति धारा मुनि श्री के मंगल सान्निध्य में संपन्न हुई, मुनिश्री ने इस अवसर पर धर्म सभा में बड़ी संख्या में उपस्थित श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि हमें मूर्ति नहीं मूर्तिमान के दर्शन करना चाहिए। आज तक मंदिर में आकर मूर्ति का दर्शन कर रहे हैं उस मूर्ति में विद्यमान मूर्तिमान अर्थात परमात्मा की दर्शन नहीं कर पा रहे हैं ,जिस दिन मूर्ति में छिपे मूर्तिमान अर्थात भगवान पारसनाथ के दर्शन हो जाएंगे उस दिन जीवन की दिशा ही बदल जाएगी और जब दिशा बदलती है तो दशा बदलने में देर नहीं लगती है ,आज मंदिर में पूजन करने वाले पुजारी भक्त एक रोबोट की तरह पूजा पाठ कर रहे हैं। परंतु पूजा क्यों करते हैं किस उद्देश्य करते हैं इसकी तरफ ध्यान ही नहीं जाता है केवल भाव शून्य क्रिया चलती रहती है परंतु जब तक पवित्र भावों के साथ भगवान की पूजा भजन नहीं किया जाता है तब तक वह संसार के बंधन से छुडाने में समर्थ नहीं हो सकता है, कहा गया है कि यह यस्मात क्रिया प्रति फलन्ति न भाव शून्यारू अर्थात भाव शून्य क्रिया फलवती नहीं होती है।

### 1.20 करोड़ का पैकेज छोड़ किया वैराग्य धारण

पूज्य वीर सागर जी महाराज के केमिकल साइंस में वीटेक की डिग्री, एमवीए, सीएएफ, पीजीडीसीए की उच्च शिक्षा प्राप्त कर अमेरिका की मल्टीनेशनल कंपनी में एक करोड़ वीस लाख की नोकरी छोड़ 1998 में आचार्य विद्यासागर जी महाराज से जैनेश्वरी दिगम्बर दीक्षा ग्रहण कर आत्मकल्याण के साथ जन कल्याण की भावना के साथ देश के दिल्ली, मुंबई जैसे महानगरों में उच्चशिक्षित वर्गो में संस्कारित शिक्षा और जीवदया के लिये पद विहार कर रहे हैं। मुनि संघ 30 दिन में लगभग 800 किलोमीटर से अधिक की पद यात्रा कर चुके है।